यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
A-1/4, लखनपुर
कानपुर – 208024
दूरभाष : 0512- 582851-53
फैक्स : 0512-2580797
वेबसाइट: www.upsidc.com
CIN-U26961SGC002834

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

क्षेत्रीय प्रबन्धक
उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0,
आगरा।

संदर्भ संख्या /यूपीसीडा/एटीपी दिनांक

<u>विषयः औ0क्षे0 कोसी कोटवन (विस्तार–द्वितीय) के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या–1 व 2 के उप विभाजन के सम्बधं में।</u>

कृपया उपरोक्त विषयक प्रभारी–औ0क्षे0 के पत्र संख्या–1795 दिनांक 12.09.2022 के साथ आपके कार्यालय के पत्र स0 564–565 दिनांक 14.7.2022 संलग्न करते हुए औ0क्षे0 कोसी कोटवन (विस्तार–द्वितीय) में उपलब्ध व्यावसायिक प्लाट–1 (क्षेत्रफल 3.71 एकड़) एवं प्लाट–2 (क्षेत्रफल 3.51 एकड़) को एक–एक एकड़ के भूखण्डों में उप विभाजित करने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये संशोधित साइट प्लान में दी गयी मापें व विकर्ण के अनुसार व्यावसायिक भूखण्ड संख्या–1 को तीन भाग तथा भूखण्ड संख्या–2 को तीन भाग में उप विभाजित कर कुल 06 भूखण्ड नियोजित कर औ0क्षे0 कोसी कोटवन (विस्तार–द्वितीय), मथुरा का पार्ट तलपट मानचित्र (संशोधित) तैयार किया गया जिसको मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 20.9.2022 को सशर्त अनुमोदन प्रदान किया गया है। आवंटन पत्र निर्गत करने से पूर्व निम्न कार्यवाही आपके द्वारा सुनिश्चित की जानी है:–

1. अनुमोदित तलपट मानचित्र व साइट प्लान में दिये गये क्षेत्रफल में 0.052 एकड़ का अन्तर आ रहा है जिसका सत्यापन किया जाना होगा।

2. नव सृजित भूखण्डों का भू–उपयोग व्यावसायिक ही रहेगा तथा भू–आच्छादन, एफ0ए0आर0, सेटबैक एवं अन्य मानक यूपीसीडा के भूमि विकास एवं भवन विनियमन, 2018 के प्रभावी होंगे।

3. यूपीसीडा के योजना बनाने एवं अन्तिमीकरण विनियमन,2004 के अनुच्छेद 3.3.8 के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आवंटी के चयनित प्रस्ताव को दो समाचार पत्रों एक अंग्रेजी एवं एक हिन्दी समाचार पत्र, जो widely circulated हो, में जनापत्ति प्रकाशित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। विज्ञप्ति क्षेत्रीय कार्यालय हेतु उपलब्ध मद के सापेक्ष प्रकाशित करायी जायेगी तथा विज्ञप्ति में निर्धारित समय सीमा के अन्दर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को संकलित करते हुए एवं प्रकाशित विज्ञप्ति के समाचार पत्रों की दो–दो प्रति एटीपी अनुभाग, मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

औ0क्षे0 कोसी कोटवन (विस्तार–द्वितीय) के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या–1 व 2 का अनुमोदित उप विभाजन मानचित्र की प्रति संलग्न कर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

<u>संलग्नकः</u> यथोक्त।

(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (वास्तु0/नियो0)

पृष्ठांकित संख्या 1142 **/सीडा/एटीपी** **दिनांकः** 04-11-2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 प्रभारी, औ0क्षे0 अनुभाग, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय, कानपुर।
2 प्रभारी (कम्प्यूटर), मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि क्षेत्रीय प्रबन्धक द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरान्त संलग्न मानचित्र एवं विज्ञप्ति को वेबसाइट पर 15 दिन तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3 वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल), नि0ख0–5, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, आगरा।
4 निजी सचिव–अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी(ए), उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय, कानपुर।

Meena
4/11/2022
(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (वास्तु0/नियो0)